तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

4
स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता, समयबद्धता और मॉनिटरिंग पर दिया जा रहा जोर





## खबर संक्षेप

### शादी का कार्ड बांटने निकला था युवक, मौत

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरकेला निवासी युवक अपनी शादी का कार्ड बांटने के लिए निकाला था, लेकिन रात को वापस लौटते वक्त उसकी बाइक एक गढ्डे में गिर गई। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। इस संबंध में बाबूलाल निषाद निवासी तरेकेला ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कमल सिंह निषाद 30, बीते 19 अप्रैल की शाम 4 बजे अपनी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने बाइक से निकला था। रात करीब साढ़े 8 बजे उसके दामाद सुरेश निषाद ने उसे फोन करके बताया कि बोजिया-घूमापहरी मेन रोड के पास कमल की बाइक गड्ढे में गिर गई है, और उसे सिर में गंभीर चोट आई है। इस हादसे की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ऐसे में शादी की तैयारियों में जुटे परिवार में दुःखों का पहाड टूट गया।

### नंबर प्लेट चोरी कर दूसरी कार में लगाया

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुडेकेला में एक कार का नंबर प्लेट किन्ही अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था, लेकिन कुछ दिनों बाद इस नंबर प्लेट को दूसरी कार मे लगे देख कार मालिक को शंका हुई और उसने संदेहियों का पीछा किया। जिससे संदेही कार को छोड कर भाग खडे हुए। इस तरह कार मालिक की इस सूझबूझ से कोई बडी वारदात होने से बच गई। इस संबंध में अतुल अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उनकी क्रेटा कार क्रमांक सीजी 11 एएल 1008 का दोनों नंबर प्लेट अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इसी बीच 17 अप्रैल को जब वे रात को उनके भाई ने मदनपुर पेट्रोल पंप के पास उसी नंबर की एक अन्य क्रेटा कार को देखा जो पलगडा मार्ग की ओर जा रही थी। ऐसे में उन्होंने शंका हुई तब उन्होंने उक्त कार का पीछा किया। ऐसे में कार सवार संदेही ने कुछ दूर जाने के बाद संदेही कार छोड कर भाग निकाला।

### 36 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने ओड़िशा से गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 36 किलो 170 ग्राम गांजा, एक चारपहिया वाहन और मोबाइल सहित 15 लाख 60 हजार की संपत्ति जब्त की है। ओड़िशा से एक सफेद रंग की कार में अवैध रूप से गांजा लाकर रायगढ़ क्षेत्र में खपाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। पुलिस टीम ने ग्राम बंगुरसिया ढाबा के पास मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन क्रमांक सीजी 13 एजेड 4603 को रोका। वाहन में सवार तीन लोगों से पूछताछ में उन्होंने अपना नाम डोल नारायण साहू पिता निर्मल साहू 27 नीलकमल साव पिता दुखीराम साव 24 और आशीष कुमार सिंह पिता बृजेश सिंह 29 निवासी ग्राम गढ़उमरिया थाना जूटमिल जिला रायगढ़ बताया। पुलिस टीम द्वारा वाहन एवं आरोपियों की विधिवत तलाशी लेने पर दो प्लास्टिक बोरियों में 36 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## नदी सूखी, नाले सूखे, प्यासे पड़े गांव, गहराए पेयजल संकट से बढ़ी जद्दोजहद

# जलस्तर गिरा, संकट बढ़ा, जिले के 278 हैंडपंप ड्राई रायगढ़, खरसिया और लैलूंगा में स्थिति बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गर्मी बढ़ने के साथ ही भू जल स्तर में तेजी से गिरावट आई है, जिसके कारण जिले में 278 हैंड पंप ड्राई हो चुके हैं। इसके कारण ग्रामीणों क्षेत्रों में पेयजल की समस्या भी गहराने लगी है। जिले के रायगढ़, खरसिया और धरमजयगढ़ विकासखंड में स्थिति बिगड़ी हुई है।

ऐसे हालात अप्रैल के अंत या मई की शुरुआत में देखने को मिलते हैं, लेकिन इस बार अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही भूजल स्तर गिरने के जिले के सैकड़ों हैंडपंप ड्राई हो चुके हैं। भूजल स्तर में गिरावट और हैंडपंप ड्राई होने का सीधा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ता नजर आ रहा है।

पीएचई विभाग के अनुसार मार्च के अंतिम सप्ताह से लेकर अप्रैल की शुरुआती दिनों तक जिले के 919 ग्रामों के 278 हैंड पंप ड्राई हो चुके है। बताया जा रहा है कि भू जल स्तर में गिरावट का असर खरसिया विकासखंड में सबसे अधिक देखने को मिल रहा है, यहां जहां 95 हैंड पंप पूरी तरह



से ड्राई हो चुके हैं। ऐसे में यहां के प्रभावित ग्रामणों इलाकों में पेयजल की व्यवस्था को लेकर भरी संकट की स्थिति बनी हुई है। वहीं धरमजयगढ़ विकासखंड में स्थिति अपेक्षाकृत सामान्य है।

विभागीय अधिकारियों की मानें तो मार्च माह में हैंडपंप संधारण अभियान चलाया गया था, जिसमें सभी गांवों के हैंडपंप की जांच की गई थी। जिले के कुल 9 हजार 673 हैंडपंप में से 8854 बंद है, जिसमें से 303 खराब या बंद पडे हैंडपंपों को सुधार दिया गया है। वहीं जिल के 551 हैंडपंप बंद हैं, जिसमें से 278 ड्राई हो चुके हैं। मुख्य बात यह है कि जिन गांवों में हैंडपंप ड्राई हुई हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सबमर्सिबल पंप का उपयोग किया जा रहा है। मई महिने में जल स्तर और भी नीचे जाने की बात कही जा रही है। जिसकी वजह से जलसंकट और भी गांवों में गहरा सकता है।

### जीव-जंतु भी भटकने को मजबूर

इन सब के इतर नदियां सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं, जिससे आने वाले दिनों में जल संकट की आशंका गहरा गई है। नदियों की धाराएं कमजोर पड़ गई हैं और कई जगहों पर पानी की जगह केवल रेत नजर आ रही है। इसका सीधा असर नदी पर निर्भर जीव-जंतुओं और पशु-पक्षियों पर पड़ने लगा है, जिन्हें पानी के लिए भटकना पड़ सकता है। नदी किनारे बसे गांवों में भी चिंता बढ़ गई है, जहां आज भी बड़ी संख्या में लोग पेयजल और दैनिक उपयोग के लिए नदी पर निर्भर हैं।

### ब्लाकों में कहां कितने सूखे हैंडपंप

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भू जल स्तर की सबसे ज्यादा खराब स्थिति खरसिया विकासखंड में है, जहां स्वाधिक 95 हैंडपंप ड्राई हो चुके हैं। इसी तरह लैलूंगा में 76, रायगढ़ में 32, घरघोड़ा में 28 और पुसौर में 26 हैंड पंप सूख चुके हैं। इन विकासखंडों के मुकाबले धरमजयगढ़ विकासखंड में भूजल स्तर की स्थिति अपेक्षाकृत सामान्य है, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ ही यहां भी यही हालात देखे जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता ।

> जिले के 9 हजार 673 हैंडपंपों में से 854 बंद थे। जिसें मार्च में हैंडपंप संधारण अभियान के तहत जांच करते हुए 303 हैंडपंपों में सुधार किया गया है। आने वाले माह में जलस्तर के और नीचे जाने की संभावना हैं, ऐसे में प्रभावित गांवों में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।
>
> **प्रतिभा बंजारे**
> ईई, पीएचई

### ग्राम पंचायत एकताल और तेलीपाली को नोटिस जारी

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लापरवाही बरतने और विगत माह के राशन उठाव के लिए डीडी राशि जमा नहीं करने के मामले में एसडीएम ने ग्राम पंचायत एकताल और तेलीपाली के सरपंच, सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश शर्मा रायगढ़ द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि शासन के निर्देशानुसार एवं छण्ग सार्वजनिक वितरण प्रणाली ;नियंत्रणद्ध आदेश 2016 की कंडिका 11,10 अनुसार प्रत्येक माह की 10 तारीख तक आगामी माह के राशन सामग्री उठाव करनें हेतु विगत माह की डीडी राशि जमा कराया जाना अनिवार्य है। तथापि संलग्न रिपोर्ट से स्पष्ट है कि उपरोक्त निर्देश का स्पष्ट अवहेलना करते हुए 21 अप्रैल तक माह मार्च 2026 की डीडी जमा नहीं कराई गई है, जो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। नोटिस में कहा गया है कि ग्राम पंचायत एकताल और ग्राम पंचायत तेलीपाली के दो ग्राम पंचायतों के राशन दुकान संचालकों ने फरवरी माह की डीडी भी 08 अप्रैल तक जमा नहीं की गई थी।

## जनगणना ट्रेनिंग से लौट रहे शिक्षक को कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदनपुर में एक तेज रफ्तार कार ने पहले तो जनगणना ट्रेनिंग से लौट रहे शिक्षक की स्कूटी को ठोकर मार दी, जिससे शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में लेते हुए उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

कार चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में ग्राम कटाईपाली (सी) निवासी करम सिंह कमलवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनका छोटा भाई हेमसागर कमलवंशी, जो कन्या आश्रम तेन्दुमुड़ी में शिक्षक के पद पर पदस्थ है, वह 20 अप्रैल को जनगणना प्रशिक्षण के लिए अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एएस 4778 से मदनपुर हायर सेकेंडरी स्कूल गया था। शाम को ट्रेनिंग खत्म होने के बाद जब वह वापस अपने घर लौट रहा था, तभी मदनपुर मुख्य मार्ग पर बांसमुड़ा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 11 एएक्स 1187 के चालक ने कार को तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हेमसागर की स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में शिक्षक हेमसागर की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद भी यह कार वहीं नहीं रूकी, बल्कि घटना स्थल से आगे बढते हुए ग्राम ठुसेकेला निवासी साइकिल सवार द्वारिका प्रसाद राठौर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी साइकिल भी टूट गई। घायल द्वारिका प्रसाद को तत्काल इलाज के लिए खरसिया के पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं मृतक शिक्षक के शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल खरसिया भेज दिया गया है। जहां शव का पंचनामा करते हुए अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत मामला पंजीबद्ध करने के साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बांध निर्माण की स्वीकृति पर ग्रामीणों की आपत्ति कलेक्टर से की निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत केवाली में बांध निर्माण स्वीकृति के लिए पूर्व में जनपद पंचायत सदस्य ने आवेदन दिया था, जिसे अब निरस्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। बांध निर्माण को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके दैनिक जीवन व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि इस क्षेत्र लघु वनोपजों के संग्रहण से उनकी आजीविका चलती है, जो पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

खरसिया जनपद की सदस्य



खरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत केवाली का मामला

श्रीमती मीना बाई राठिया ने पूर्व में ग्राम पंचायत केवाली में बांध निर्माण की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया था। अब केवाली ग्राम पंचायत के ग्रामवासी बांध निर्माण को लेकर आपत्ति कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बीडीसी के आवेदन को निरस्त करने की मांग की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि बांध निर्माण से उनके दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़ेगा, चूंकि प्रस्तावित स्थल पर लघु वनोपज प्रचुर मात्रा में है, जिसमें तेंदूपत्ता, चार, महुआ इत्यादि को एकत्रित करते हुए बेच कर अपना जीवन यापन करते हैं। बांध निर्माण से उक्त प्राकृतिक संसाधन नष्ट हो जायेंगे जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके अलावा यह क्षेत्र चारागाह के रूप में भी उपयोग होता है तथा बांध बनने से पशुओं के चरने का स्थान समाप्त हो जाएगा।

## कमीशन से चलता है गांजे का काले कारोबार एक किलो पर मिलता है एक हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में गांजे का काले कारोबार कमीशन पर चलता है। यहां युवाओं को एक किलो गांजे पर एक हजार मिलता है। इसी लालच में युवा इस काले कारोबार के सहभागी बन रहे हैं। अभी पुलिस ले गांजा तस्करी के फरार मुख्य आरोपी सदानंद भाट को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जशपुर जिले के महेशपुर बागबहरा का निवासी है और अंतरजिला गांजा सप्लाई नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा था। इस मामले में पहले ही दो आरोपी श्रवण कुमार निषाद और महेंद्र प्रसाद चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने सदानंद भाट और रामकुमार कुजूर के नाम का खुलासा किया था, जिसके बाद से पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। यह गिरोह ओड़िशा से



गांजा खरीदकर रायगढ़ के रास्ते अन्य राज्यों में सप्लाई करता था। तस्करी के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया गया था और कार के दरवाजों और बैक लाइट में गुप्त चेंबर बनाकर गांजा छिपाया जाता था, ताकि पुलिस को भनक न लगे।

बीते 1 मार्च को लैलूंगा पुलिस ने पाकरगांव अटल चौक के पास घेराबंदी कर एक कार को पकड़ा था। तलाशी में 29.115 किलो गांजा बरामद हुआ था, जिसमें अलग-अलग आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ मिला। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी रामकुमार कुजूर द्वारा तस्करों को प्रति 10 किलो गांजा लाने पर 10 हजार कमीशन देने का लालच देता था। इसी लालच में आरोपी युवक इस अवैध कारोबार में शामिल हुए थे। पुलिस ने 19 अप्रैल को उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी के साथ मिलकर गांजा सप्लाई नेटवर्क में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं इस पूरे मामले में फरार रामकुमार कुजूर की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।




## सिलेंडर की किल्लत से जूझ रही हैं एजेंसियां भी, हालात ठीक होने का कर रहे हैं इंतजार

# जितनी बुकिंग की ओटीपी, उतनी ही मिलता है लोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर शासन-प्रशासन चाहे लाख सामान्य होने का दावा कर ले, लेकिन धरातल पर हकीकत इसके विपरित ही है। यहां एक-एक लोड के लिए एजेंसियों को जूझना पड़ रहा है। दूसरी ओर हालात ऐसे निर्मित हो गए है कि जितनी बुकिंग की ओटीपी आ रही है उतनी ही लोड मिल रही है। याने उपभोक्ता तो उपभोक्ता सिलेंडर की किल्लत से स्वंय एजेंसियां भी जूझ रही हैं। एजेंसियां हालात ठीक होने का इंतजार कर रही हैं, लेकिन कब यह किसी को पता नहीं है। खास बात यह है कि किल्लत होने की वजह से डीएसी के बाद भी



समय पर सिलेंडरों की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। इसके कारण उपभोक्ता काफी परेशान हैं। एजेंसियां डीएसी नंबर तो उपभोक्ताओं से ले ले रही हैं, लेकिन सिलेंडर देने में एक-एक सप्ताह भी लगा दे रहे हैं।

एजेंसियों में लोड नहीं आ रही है। यह हम नहीं बल्कि एजेंसी के लोग ही ही कह रहे हैं। बता रहे हैं कि जितनी ओटीपी आ रही है उसके आधार पर लोड दी जा रही है। यहां से एजेंसियां भलेहि दो-तीन लोड की राशि भेज रहे हैं, लेकिन वहां से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। हालात यह है कि एजेंसियों को भी सिलेंडर की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। चूंकि बुकिंग का समय तय कर दिया गया है। इसमें उज्जवला उपभोक्ता 45 दिन, डबल सिलेंडर 35 और सिंगल सिलेंडर वाले उपभोक्ता 25 दिन में बुक कर सकते हैं। इस तरह केटेगरी तो तय कर दी गई है, लेकिन इसका भी कोई फायदा नहीं मिल रहा है। कारण बुकिंग करने के बाद डीएसी नंबर तो आ रहा है, उसे एजेंसी वाले मांग भी ले रहे हैं, लेकिन पांच सात दिन के बाद ही भेज रहे हैं। एजेंसी में पहुंच गए तो मिलने की उम्मीद रहती है, लेकिन होम डिलीवरी की उम्मीद तो खत्म हो गई है।

### हर एजेंसी में लाइन

सुबह से एजेंसियों में गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लाइन लग रही है। चूंकि बीते कुछ दिनों से तेज धूप की तपीश लोगों को झुलसा रही है। इसके बाद भी लोग सिलेंडर के लिए सुबह से लाइन में लग रहे हैं। हर दिन लोड भी नहीं आ रही है। इसके कारण भीड़ लग जाती है। जिस दिन लोड आती है उस दिन ज्यादा भीड़ लगती है। याने उपभोक्ताओं को सिलेंडर की परेशानी निजात नहीं मिल पा रही है।

### कनेक्शन बंद हो गया

सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए नए कनेक्शन पर रोक लगा दी गई है। याने अभी आपको गैस कनेक्शन लेना है तो नहीं ले पाएंगे। हालांकि एजेंसी के लोग 5 केजी वाला छोटू सिलेंडर लेने की नसीहत दे रहे हैं। बता रहे हैं कि इससे अभी काम चलता रहेगा। बाद में जब हालात सामान्य होगा तो कनेक्शन मिल जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 मई से

**बलरामपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आमजनों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत 1 मई से जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों को शासन-प्रशासन की सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिविरों के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पुराने लंबित प्रकरणों एवं राजस्व से संबंधित लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि पेंशन, राशन, आय, जाति, प्रमाण पत्र, सामाजिक सहायता पेंशन संबंधित प्रकरणों का गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के साथ ही शिविरों के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### अग्निवीर भर्ती: लिखित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण 1 मई से

**सूरजपुर।** जिले में भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती 2026-27 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं को ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु पूर्व प्रशिक्षण रोजगार कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया गया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री कटारा ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार तहसीलदार उमेश्वर सिंह बाज को अम्बिकापुर से मैनपाट एवं तहसीलदार श्रीमती तारा सिदार को मैनपाट से उदयपुर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार विकास जिंदल को उदयपुर से अम्बिकापुर, तहसीलदार दरिमा अमन चतुर्वेदी को दरिमा से लखनपुर, तहसीलदार अंकिता पटेल को लखनपुर से बतौली एवं तहसीलदार बतौली सुश्री कमलावती सिंह को बतौली से दरिमा पदस्थ किया गया है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

# सांसद राठिया ने योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद राठिया ने सभी अधिकारियों को केन्द्र और राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जल संरक्षण संवर्धन के कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए कहा, ताकि भू-जल स्तर अच्छा हो सके और किसानों को खेती बाड़ी करने में आसानी हो। साथ ही जशपुर में सड़क दुघर्टना को रोकने के लिए भी बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जशपुर के विकास कार्यों के लिए हर संभव सहायता करने की बात कही। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव जिला पंचायत उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह डीएफओ शशि कुमार जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि, बगीचा विकास खंड के नहरों का जीर्णोद्धार करने के लिए मनरेगा और जल संसाधन विभाग की टीम गठित की जाएगी और छूटे हुए नालों का चिन्हांकन किया जाएगा। इसके बाद शीघ्र ही प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा, ताकि किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र हितग्राहियों को पेंशन दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कुल 1 लाख 99 हजार 940 घरेलू नल कनेक्शन में 1 लाख 44 हजार 358 घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण कर लिया गया है। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 85 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। एनआरएलएम योजना के तहत 1 लाख 45 हजार 775 दिए गए लक्ष्य में 1 लाख 39 हजार 651 पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 1 लाख 18 हजार 820 दिए गए लक्ष्य में से 90 हजार 630 आवास पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 2 हजार 40 दिए गए लक्ष्य में से 1 हजार 334 आवास पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिए गए 606 लक्ष्य में से 260 आवास पूर्ण कर लिया गया है। सांसद श्री राठिया ने दिशा की बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, स्वस्थ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, महिला बाल विकास विभाग,मिड डे मील योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, खनिज न्यास निधि, एकीकृत विघुत विकास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, आदि विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

## धीरे चलें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें: राठिया

लोक सभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में पुलिस विभाग की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान सांसद श्री राठिया ने लोगों में जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

■ **पुलिस विभाग की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

उन्होंने कहा, जशपुर जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं और अच्छी पहल की जा रही है। उन्होंने लोगों से धीरे चलने सुरक्षित पहुंचने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव जिला पंचायत



उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिसु अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह डीएफओ शशि कुमार जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार और सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि, लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से कर दी गई है। कोई भी अधिकारी और कर्मचारी यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहा है तो चालान काटने की कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए जन जागरूकता और रैली का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर में हेलमेट रैली आयोजित की गई है। इस प्रकार पत्थलगांव और कुनकुरी में भी हेलमेट बाइक रैली का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि, जशपुर के नगरीय निकाय के चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लग जाने से अपराधियों में खौफ रहेगा, साथ ही निगरानी रखने में आसानी होगी है। सांसद राठिया ने इस संबंध में हर संभव प्रयास की बात कही।

## मुख्यमंत्री साय पहुंचे आगडीह एयरस्ट्रिप, आत्मीय स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आगडीह एयरस्ट्रिप पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल थे।

### बच्चा चोर का आरोप लगाकर युवकों से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बहन के यहा शादी में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों कोटगांव माझापारा में गांव के ही युवकों ने न सिर्फ बच्चा चोर का आरोप लगाया बल्कि मारपीट करन के बाद युवक की बाइक को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम टेडगा सड़कपारा निवासी संतोष नागेश आ. सुधन नागेश (24 वर्ष) शनिवार को दोस्त नंदू नागेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 यूजी 5320 से शादी देखने ग्राम कोट पहाड़पारा निवासी बहन दमाद शोनू नागेश के घर गए थे। शादी देखने के बाद रात के लगभग 9 बजे बाइक से दोनों वापस घर जाने लगे। इसी बीच कोट गावं माझापारा स्थित बोर के पास पानी पीने के लिए रुके तभी वहां मौजूद अनिल व उसके तीन साथियों ने पूछताछ करना शुरू किया तो युवक ने बहन दामाद के शादी देखने आने की बात बताई।

## महिला आरक्षण के बहाने परिसीमन का षडयंत्र रच रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




महिला आरक्षण की आड़ में भाजपा डी लिमिटेशन को लागू करना चाहती है। अगर ऐसा नहीं है तो भाजपा 2023 में सर्वसम्मति से पारित महिला आरक्षण बिल को लागू क्यों नहीं करती है। यह बातें छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष और जिला संगठन प्रभारी भानू प्रताप सिंह ने कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

उन्होनें कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिला आरक्षण के पक्ष में रही है। कांग्रेस 33 प्रतिशत के जगह 50 प्रतिश महिला आरक्षण देने का समर्थन करती है। लेकिन हाल ही में संसद के विशेष सत्र के दौरान भाजपा ने महिला आरक्षण के नाम पर जो भी किया, वह उसक एक राजनीतिक स्टंट मात्र था। उन्होनें आरोप लगाया कि, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में होने वाले मतदान से ठीक पहले महिला आरक्षण बिल को लेकर विशेष सत्र का आयोजन भाजपा की मंशा को उजागर करता है। भानू प्रताप ने कहा कि इस बिल की आड़ में भाजपा परिसीमन करना का षड़यंत्र कर रही थी, जिससे उत्तर भारत में दक्षिण भारत की अपेक्षा लोकसभा की सीटें बढ़ जातीं, और भाजपा को सीधा राजनीतिक लाभ होता। उन्होंने कहा कि, भाजपा के इस मंसूबे को नाकाम करने के लिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने एकजुट हो कर भाजपा द्वारा लाए गए महिला आरक्षण बिल के विरोध में मतदान किया, जिससे भाजपा और उसके सहयोगी दलों का राजनीतिक षडयंत्र विफल हो गया।

भानू प्रताप सिंह ने कहा कि, संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिल पास कराने का क्रेडिट विपक्ष का देने का चारा भी भाजपा के काम नहीं आया। मिडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होनें कहा कि, उत्तर और दक्षिण भारत के बीच राजनीतिक दूरी बढ़ाने का काम विपक्ष नहीं, बल्कि भाजपा कर रही है। भाजपा जो करना चाहती है, उससे दक्षिण भारत को कभी देश का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलेगा। वहीं छत्तीसगढ़ में विशेष विधनासभा सत्र के आयोजन पर उन्होनें कहा कि, पहले सरकार को बताना चाहिए कि आखिर किस विषय को लेकर विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष यूडी मिंज, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हीरू निकुंज,पूर्व विधायक विनय भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रवि शर्मा, तारो सिंह, सहस्त्रांशु पाठक, ब्लाक अध्यक्ष सतीश गुप्ता, किरणकांति सिंह, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्यारी कुजूर सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तपती दोपहर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे डीडीसी गेंदबिहारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के बगीचा विकासखंड के अंतिम छोर महनई और बुर्जुडीह में जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह तपती दोपहर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान का भरोसा दिलाया।

डीडीसी गेंदबिहारी सिंह ने महनई के मनुपाठ क्षेत्र में करीब 100 एकड़ में हो रही उन्नत खेती का जायजा लिया। यहां किसान टमाटर, मिर्च, बैंगन सहित अन्य फसलों की खेती

**ग्रामीणों की समस्याएं सुन निराकरण का दिया आश्वासन**

कर रहे हैं।खेती के इस मॉडल की सराहना करते हुए उन्होंने किसानों को जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया, ताकि उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे। जनसंपर्क के दौरान किसानों ने जिला पंचायत सदस्य से फसलों की सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर की मांग रखी। इस पर डीडीसी ने जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी अशोक कुमार यादव, भाजयुमो जिला मंत्री जयशंकर यादव, बुर्जुडीह सरपंच बुद्धेश्वर पैकरा, महेश राम यादव, बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### विद्युत पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

**राजपुर।** राजपुर-बकसपुर मुख्य मार्ग पर रविवार देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे युवक को मामूली चोटें आईं। बाइक सवार शादी कार्यक्रम में शामिल होकर देर रात वापस घर लौट रहे थे। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम झींगो कर्रा रोड निवासी अजीत प्रजापति आ. स्व.राजेश प्रजापति (24 वर्ष) गत दिन गांव के ही अपने साथी अंकित प्रजापति, आ. लरंग प्रजापति (23 वर्ष) के साथ राजपुर नगर पंचायत के वार्ड 03 पैकरा मोहल्ला में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने होने आए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोनों देर रात बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही राजपुर-बकसपुर मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक अजीत प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटें आई। घटना को देख आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत अजीत को मृत घोषित कर दिया।

# नपं को मिला अग्निशमन वाहन

**बरमकेला।** बरमकेला नगर पंचायत के लिए अक्षय तृतीया का पर्व इस वर्ष ऐतिहासिक बन गया, जब क्षेत्र को वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अपना स्वयं का अग्निशमन वाहन प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल एक सुविधा का विस्तार है, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और त्वरित राहत व्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

लंबे समय से बरमकेला और आसपास के ग्रामीण अंचलों में अग्निशमन वाहन की अनुपलब्धता एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। आगजनी की घटनाओं में समय पर सहायता न मिल पाने के कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। दूसरे नगरों से वाहन बुलाने में होने वाली देरी अक्सर जन धन की हानि को बढ़ा देती थी। अब इस नई व्यवस्था के लागू होने से ऐसी किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी। आग पर तेजी से काबू पाया जा सकेगा और नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकेगा। जिला कलेक्टर संजय कन्नौजे द्वारा नगर पंचायत बरमकेला को अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराना एक दूरदर्शी, संवेदनशील और जनहितकारी निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। यह पहल प्रशासन की सक्रियता और आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष, समस्त पार्षदगण एवं आम नागरिकों ने इसे क्षेत्र के विकास और सुरक्षा की दिशा में एक मील का पत्थर बताया है।




### आगजनी की घटनाओं से जूझता रहा है बरमकेला

बरमकेला नगर एवं आसपास का क्षेत्र लंबे समय से आगजनी की घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील रहा है। बीते वर्षों में कई बार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। स्थानीय स्तर पर पर्याप्त अग्निशमन संसाधनों के अभाव में स्थिति अक्सर नियंत्रण से बाहर होती रही, जिससे छोटी घटनाएं भी बड़े नुकसान में बदल जाती थीं। इन घटनाओं में सबसे भयावह और यादगार घटना 10 दिसंबर 2007 को बरमकेला बस स्टैंड में हुई भीषण आगजनी थी। उस दिन अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था।

## सुशासन तिहार 2026: 1 मई से 10 जून तक लगेंगे शिविर

# लोगों की समस्याओं का किया जाएगा समाधान: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर सुशासन शिविर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी "सुशासन तिहार 2026" के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा।

इस संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ को शिविर के लिए ग्राम पंचायतों में जगह का चिन्हांकन करने और अभियान के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक व्यापक रूप में संचालित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि, 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। इसके साथ ही विगत वर्ष के सुशासन शिविर के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि, आगामी 30 अप्रैल 2026 तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।



### मुख्यमंत्री करेंगे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

### 1 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर

सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून 2026 तक प्रदेश भर में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि, अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।

## छात्रों की जिला चिकित्सालय में इंटर्नशिप पूर्ण



**कोसीर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छींद के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में 10 दिवसीय इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण की।

संस्था के प्राचार्य पीतांबर प्रसाद पटेल ने बताया कि भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ ट्रेनिंग पार्टनर स्किल ट्री द्वारा छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से यह इंटर्नशिप आयोजित की गई थी। ट्रेनर भेखलाल साहू एवं सत्यम साहू के नेतृत्व में बच्चों ने अस्पताल की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने मरीजों का बीपी तापमान चेक करनाए दवाइयों की पहचान एवं उपयोग, मरीजों की देखभाल, वार्ड में हाइजीन एवं स्वच्छता बनाए रखना आदि स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण कार्य सीखे।इंटर्नशिप सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में पूर्ण हुई। साथ ही वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीपी साय, डॉ. रमेश साहू पैथोलॉजिस्ट, डॉ. सुरेश खूंटे, डॉ. इंदु सोनवानी, श्रिया अग्रवाल सिस्टर ज्योति स्वर्णकार, फरहा, उमा पटेल आदि चिकित्सकों ने भी छात्रों को समय समय पर मार्गदर्शन दिया और स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकियों से अवगत कराया।



## एक ही तरह की भूमिकाओं से बचने के लिए छोड़ दिया अभिनय

**मुंबई।** अभिनेता और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी चुनिंदा भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर खुलकर बात की है। अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक खबर के अनुसार, 53 साल के अनुराग कश्यप ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर कहा कि उन्हें बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं मिल रही थीं। इससे बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर अभिनय छोड़ दिया था। वे नहीं चाहते थे कि लोग उन्हें एक तय स्क्रीन इमेज में देखने लगें। उन्होंने हाल ही में तेलुगु फिल्म डकैत में काम करके तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

लाइफ Style



## जैस्मीन
### माता-पिता से कई बार मिला दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैस्मीन सैंडलस ने धुरंधर फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- धुरंधर का टाइटल ट्रैक, शरारत, मैं और तू। इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी धुरंधर 2 के गाने जाइए सजना ने बटोरी। इस गानें पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ।

अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन, बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?' उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे, और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।'उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है।

हॉलीवुड मसाला



## कई टीवी फिल्मों में भी किया काम

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और प्रोड्यूसर पैट्रिक मुल्डून का 19 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 साल के थे। वह शो 'डेज ऑफ अवर लाइव्स' और फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। कैलिफोर्निया के सैन पेड्रो में जन्मे मुल्डून ने यूएससी से ग्रेजुएशन किया। 1990 के दशक के आखिर और 2000 के दशक में कई टीवी फिल्मों में भी काम किया। बड़े पर्दे पर, मुल्डून ने 1997 की फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अभिनय किया।



## 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में जीते चार सीजर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** डाउनटन एबे' और 'कैच मी इफ यू कैन' जैसी फिल्मों की मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री नथाली बे का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अभिनेत्री को श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। नाथाली का जन्म 6 जुलाई 1948 को फ्रांस के नॉर्मंडी में हुआ था। उन्होंने पेरिस के नेशनल कंजर्वेटरी से अभिनय की ट्रेनिंग ली थी। 1970 के दशक में उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। उन्होंने अपने 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में चार सीजर अवॉर्ड जीते थे। नथाली के शुरुआती दिनों में फ्रॉंस्वा त्रुफो की 'डे फॉर नाइट' और जीन-ल्यूक गोडार्ड की फिल्म शामिल हैं। उन्होंने मार्टिन गेरे की वापसी और वीनस ब्यूटी इंस्टीट्यूट जैसी लोकप्रिय फ्रेंच फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा हॉलीवुड में उन्होंने कैच मी यू केन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की मां का रोल निभाया।



## ब्रेकअप के बाद काफी टूट गई थीं ...

**मुंबई।** कल्कि कोचलिन देव डी, डायन, ये जवानी है दीवानी, भय जैसी फिल्मों और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि एक दर्दनाक ब्रेकअप के बाद उन्हें कई महीनों तक नींद नहीं आती थी। इस मुश्किल समय ने उन्हें यह समझाया कि दिल और दिमाग का असर शरीर पर कितना गहरा पड़ता है। अपने इस अनुभव को याद करते हुए कल्पी ने ऑल अबाउट हर पॉडकास्ट में कहा, 'मुझे ब्रेकअप के बाद कई महीनों तक इंसोम्निया (नींद न आना) रहा, और तब मुझे एहसास हुआ कि ये सब कितना ज्यादा मानसिक होता है।'उन्होंने आगे बताया, 'मैं सो ही नहीं पाती थी। रात के 2 या 3 बजे मेरी आंख खुल जाती थी और फिर मैं गिटार बजाने लगती थी या खुद को किसी काम में व्यस्त कर लेती थी, क्योंकि दोबारा सो पाना नामुमकिन लगता था।'




## राजा शिवाजी का ट्रेलर लांच, जुटी पूरी टीम

**मुंबई।** रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत राजा शिवाजी इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट एक साथ नजर आई। अब इस इवेंट के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में जहां अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन रितेश की तारीफ करते हुए फिल्म में अपने शामिल होने की कहानी बताते हैं। जबकि कई अन्य वीडियोज में बाकी कलाकार एक-दूसरे मिलते और बात करते दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिषेक बच्चन से जब पूछा गया कि जब रितेश उनके पास फिल्म की कहानी लेकर गए, तो उन्होंने कितनी देर में हां कर दी? इस पर अभिषेक ने पहले मजाकिया लहजे में कहा कि मैं टाइम तो नोट नहीं कर रहा था।

टीवी मसाला




## तन्वी बनीं बिग बॉस मराठी सीजन 6 की विजेता, राकेश रहे पहले रनर-अप

**मुंबई।** बिग बॉस मराठी 6 फिनाले की विजेता की ट्रॉफी तन्वी कोल्टे ने जीत ली है। जीतने पर तन्वी कोल्टे को लाखों रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही उन्हें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और हीरे के आभूषणों के लिए लाखों रुपए का वाउचर भी दिया गया है। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी का छठा सीजन रविवार को समाप्त हो गया है। इस सीजन में तन्वी कोल्टे ने ट्रॉफी जीत ली है। राकेश बापट पहले रनर-अप रहे। अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस रियलिटी शो से विशाल कोटियन, अनुश्री माने और दीपाली सैयद बाहर हो चुके थे। तन्वी ने बाकी सभी खिलाड़ियों को हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही उन्होंने 5 लाख रुपए का सूटकेस भी ठुकरा दिया था। 'बिग बॉस मराठी 6' की ट्रॉफी जीतने पर तन्वी को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी के साथ तन्वी को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मिला है। इसके साथ तन्वी को हीरे के आभूषणों के लिए 10 लाख रुपए का वाउचर भी दिया गया है। 'बिग बॉस मराठी 6' का ग्रैंड फिनाले बहुत धमाकेदार रहा। कई पूर्व प्रतियोगियों ने डांस परफॉर्मेंस दी। खासतौर पर राखी सावंत भी डांस करती दिखीं। होस्ट रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन और जेनेलिया डिसूजा भी मौजूद थे। इस दौरान रितेश ने अपनी आने वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' का प्रमोशन भी किया।

### ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में धुरंधर 2

**मुंबई।** धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म ने रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड तोड़े और अभी भी मूवी सिनेमाघरों में लगी हुई है।



फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। 'भूत बंगला' के रिलीज के बाद भी इसकी बुकिंग जारी है। इसलिए अभी इसे ओटीटी पर रिलीज होने में थोड़ा समय लग सकता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक 'धुरंधर 2' मई के आखिर या जून के शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। इसका पहला पार्ट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, लेकिन 'धुरंधर द रिवेंज' डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार के पास हैं। जियो हॉटस्टार 150 करोड़ की डील साइन कर इसके राइट्स लिए हैं। इसका मतलब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह दो-भागों वाली स्पाई थ्रिलर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही है। मूवी में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी अहम किरदार में नजर आए हैं।

## पति-पत्नी और वो दो का टीजर जारी
## मुश्किल में फंसे आयुष्मान

**मुंबई।** काफी इंतजार के बाद आखिरकार मेकर्स ने आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज किया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, किसी वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी। टीजर रिलीज करने के साथ इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' के एक मिनट 22 सेकंड के टीजर में कई दौर दिखाए गए हैं। इसमें दिखाया गया है कि हर दौर के हिसाब से कई चीजें बदली हैं लेकिन पतियों की फितरत नहीं बदली है। इसके बाद आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं। टीजर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना कई महिलाओं के साथ रोमांस करने को लेकर मुश्किल में फंसते हैं। वह महिलाओं से बचते हुए नजर आते हैं। ट्रेलर में विजय राज भी दिखें हैं, जिन्होंने पुलिस वाले का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी थी कि यह कब रिलीज होगी। पोस्ट में




फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार।

## इस वीक दर्शकों को मिलेगा एक्शन कॉमेडी और थ्रिल का ट्रिपल डोज

**नई दिल्ली।** अप्रैल का पहला वीक काफी खास रहा। ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। दूसरा वीक भी कम दिलचस्प नहीं है। दर्शकों को एक्शन, कॉमेडी और थ्रिल का रोमांच मिलेगा। यह महीना मनोरंजन के शौकीनों के लिए काफी अच्छा बीत रहा है। सिनेमाघरों में डकैत और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, ओटीटी पर भी टोस्टर और मटका किंग सहित कई फिल्में और सीरीज बीते सप्ताह रिलीज हुईं। इस महीने का दूसरा वीक भी काफी शानदार है।

**प्रतिछाया :** यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस वीक से दर्शक इसे देख सकेंगे। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।



**24 :** अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन इस वीक रिलीज होने जा रहा है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आने वाले हैं। इसे दर्शक 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ रहा है।

**स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85 :** यह सीरीज भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

**एपेक्स :** यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीक रिलीज होगी। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### कपिल शर्मा शो के कारण एक्टिंग कॅरियर हुआ ठप, अर्चना को अफसोस!

## कई फिल्मों को किया मना, अब मेकर्स को नहीं दिला रहीं यकीन

***नई दिल्ली।*** *अर्चना पूरन सिंह ने साल 1982 में महज 20 साल की उम्र में फिल्म 'निकाह' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। वह उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे और टीवी, दोनों पर साथ-साथ काम किया और दोनों ही मोर्चों पर शोहरत बटोरी। साल 1987 में वह नसीरुद्दीन शाह के साथ फिल्म जलवा में लीड रोल में नजर आईं। अब तक 100 से अधिक फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुकीं 63 साल की अर्चना को मौजूदा वक्त में 'द कपिल शर्मा शो' में जज के रूप में पहचाना जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस कॉमेडी शो ने उन्हें नए दौर में खूब पॉपुलैरिटी दी। लेकिन, एक्ट्रेस का मानना है कि कहीं ना कहीं इस कारण उनका एक्टिंग कॅरियर 'ठप' पड़ गया। ताजा इंटरव्यू में उनका यह दर्द छलका है, जो कहीं ना कहीं 'पछतावा' बनकर भी उभरा है। नब्बे के दशक में बाज और जज मुजरिम जैसी फिल्मों में आइटम नंबर, फिर'इंसान, कुछ कुछ होता है, दे दना दन और बोल बच्चन जैसी फिल्मों में अपने कॉमेडी अवतार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली अर्चना पूरन सिंह ने 2019 में, नवजोत सिंह सिद्धू की जगह 'द कपिल शर्मा शो' में जज के तौर पर एंट्री की थी। इसके बाद से ही वह इस शो का हिस्सा हैं। यह शो पहले टीवी पर आता था और अब ओटीटी पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नाम से प्रसारित होता है।*

### दूसरे प्रोजेक्ट्स में काम करना था मुश्कित

इन दिनों नेटफ्लिक्स फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रहीं अर्चना पूरन सिंह एक बातचीत में कहती हैं, 'इन बीते सालों में मैं फिल्मों में काम नहीं कर पाई। एक बार मुझे एक कॉल आया। उन्हें एक शूट के लिए 25 दिनों के लिए मुझे स्कॉटलैंड ले जाना था। लेकिन, मेरे लिए कपिल के शो की शूटिंग छोड़कर कहीं और फिल्म की शूटिंग करना मुमकिन नहीं था। पहले, जब यह शो टीवी पर आता था, तो हम साल में 100 एपिसोड शूट करते थे। यही वजह है कि मेरे पास कुछ और करने का समय ही नहीं होता था।' कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं कि लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।

### लोगों ने अप्रोच करना छोड़ दिया

अर्चना ने आगे कहा, 'कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। अब क्योंकि मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं, इसलिए लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।' हालांकि, एक्ट्रेस यह भी कहती हैं कि अब जब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है, तो उन्हें उम्मीद है कि उनके कॅरियर को एक नई जिंदगी मिलेगी। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं फिल्ममेकर्स को यकीन नहीं दिला पा रही हूं। उन्हें अब भी लगता है कि मैं कोई ऐसी इंसान हूं जो बस कुर्सी पर बैठकर हंसती रहती है।



### 'आदर्श बाल विद्यालय' सीरीज में दिखेंगी

वैसे, 'टोस्टर' से पहले अर्चना पूरन सिंह बीते साल 2025 में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की 'नादानियां' में नजर आई थीं। आगे वह केके मेनन के साथ वेब सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में भी दिखेंगी।

### राजकुमार के साथ दूसरी बार काम

अर्चना पूरन सिंह फिल्म 'टोस्टर' में एक कॉमिक रोल में नजर आ रही हैं। राजकुमार राव के साथ यह उनका दूसरा कोलैबोरेशन है। इससे पहले दोनों 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में साथ काम कर चुके हैं। वह कहती हैं, 'राजकुमार ने मेरा काम 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा था। यह पहली बार था जब हम दोनों एक-दूसरे के साथ काम कर रहे थे। इसी तरह 'टोस्टर'की शुरुआत हुई। अगर मैंने उस फिल्म में उनके साथ काम नहीं करती, तो शायद 'टोस्टर'का हिस्सा नहीं बन पाती।'

**खबर संक्षेप**

## शर्प दंश के बाद आनंद को मिली जिंदगी



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से महज 3 किमी दूर स्थित ग्राम गोतमा निवासी आनंदराम गुप्ता पिता मिलु गुप्ता रोज की भांति तडके सुबह अपने खेत गया था। जहां वह कद्दू काट रहा था कि इसी बीच उसका एक पैर सांप के पूंछ पर पड़ा। जिसके कारण पलट कर सांप ने काट लिया। आनंद ने घटना की गंभीरता को देखते हुए हास्पिटल पहुंचा। हास्पिटल प्रबंधन ने मौके की नजाकत को देखते हुए सघन इलाज प्रारंभ करते हुए लगातार संबंधित प्रतिरोधी दवाएं देना प्रारंभ कर दिया। इस गंभीर घटना को देखते हुए गोतमा के लोग आनंदराम को देखने आ रहे हैं जिसमें यहां के मालगुजार परिवार के रूपधर गुप्ता आदि शामिल है। आनंद राम ने लोगों को बताया कि 18 साल पहले उसे करेट ने भी डंसा था जिसमें वह इसी तरह के उपाय से बच पाया था। डाक्टरों के मुताबिक अब आनंदराम गुप्ता खतरे से बाहर है।

## सड़क निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**पुसौर।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी के पहल पर पुसौर के विकास के बीच सड़कों और नालियों का निर्माण किया जाकर नगर के सौदर्यीकरण की ओर पुसौर बढ़ रहा है। इस आशय से पशु हास्पिटल से थाना तक के रोड का सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उक्त भूमिपूजन नगर उपाध्यक्ष उमेश साव के हाथो संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं और भूमिपूजन भगवान को साक्षी मानकर किया जाता है। इस वार्ड में एक वर्षीय बालक शिवांस अग्रवाल के निर्मल स्पर्श से भूमिपूजन कराया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर, शिवांस के दादा विजय अग्रवाल तथा कमलेश साव आदि उपस्थित रहे।

## तमनार में बटूकों का ब्रतोपनयन संस्कार

**तमनार।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा मण्डल तमनार लैलूंगा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण तमनार में हिन्दु सनातन संस्कृतिधर्म अभ्युत्थानए विश्वशांति एवं जनकल्यार्थ तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह वैष्णव बैरागी बटूकों का शास्त्रोक्त विधिवत ब्रतोपनयन संस्कार कर संकल्पित व अभिमंत्रित यज्ञोपवीत धारण हेतु विशेष यज्ञ अनुष्ठान किया जा रहा है। इस पावन व मंगलमय अलौकीक अक्षय पुण्य वर्धक आध्यात्मिक सत्र के साक्षी बनने व अक्ष्य पुण्य के सहभागीता के निमित्त हजारो लोग शामिल हो रहे है। 19 अप्रेल को कलश यात्रा बेदी निर्माण, बेदी पूजा, देवगनशन चुलमाटी, हरिद्रालेपन, मण्डपाच्छादन, 20 अप्रेल को आदित्य ह्रदय स्त्रोत पाठ, मूर्ति स्थापना, पूजा अर्चना, चार कर्म, प्रसिद्ध गायक नीलकमल वैष्णव का भजन संध्या कार्यक्रम से लोग मंत्रमुग्ध हुए। 21 अप्रेल को आदित्य ह्रदय स्त्रोत पाठ, विष्णु पूजा अर्चनाए विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, महाआरती एवं 22 अप्रेल को मूर्ति विषर्जन एवं समापन की जाएगी।

## कार्यकर्ता के लिए आज आवेदन की अंतिम तिथि

**सारंगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा कुटेला सारंगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से 22 अप्रैल तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना खेलभांठा सारंगढ़ के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण निर्धारित है। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज, 12वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र में संलग्न किया जाना अनिवार्य है। इस आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता भर्ती के लिए आवेदिका को संबंधित वार्ड का निवासी होना चाहिए। मतदाता सूची में नाम दर्ज हो या पार्षद और अध्यक्ष दोनों का सयुंक्त हस्ताक्षरयुक्त या पटवारी का हस्ताक्षर का निवास प्रमाण पत्र होना चाहिए।

### पूर्ण टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और प्रमुख कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा

# स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता, समयबद्धता और मॉनिटरिंग पर दिया जा रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए, साथ ही सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए।

समीक्षा बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख कार्यक्रमों पर विशेष फोकस रहा। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनसी जांचए संस्थागत प्रसव सेवाएं तथा शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पूर्ण टीकाकरण की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के सभी पात्र बच्चों का निर्धारित समय सीमा में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही छूटे हुए हितग्राहियों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी,



स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते कलेक्टर।

चिरायु योजना और एनीमिया मुक्त भारत अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच सके। इसके अलावा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण, सिकल सेल नियंत्रण, अंधत्व निवारण, एनसीडी कार्यक्रम, टेली कंसल्टेशन सेवाएं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय.सीमा में उपलब्धि सुनिश्चित की जाए और जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन हो। स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए, गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन हो और कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए गति बढ़ाई जाए।

कलेक्टर ने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सीधे तौर पर आमजन के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयास करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा सहित जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।



## एक करोड़ से अधिक के वाहन और मशीनरी बन गए कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर की स्थापना 2008 में होने के बाद यहां के रहवासियों के घर से कचरे उठाने के लिए ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन, डस्टबि, पेयजल के लिए नलकुप खनन, चलित पानी टंकी मोटर फीटिंग पाइप बिछाना, प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत पोल की स्थापना उसमें लगे भारी बल्ब सहित इस प्रकार कई वाहन व मशनरी सामान आदि क्रय किया गया है। उसमें से अब तक एक करोड से अधिक राशि के वाहन मशीनरी सामग्री कबाड़ हो गई है। इसमें 3 ट्रैक्टर, एक शौचालय साफ करने वाला वाहन, कई कचरे वाली रिक्शे, बिजली पोल, नलकुप पंप पाइप आदि नष्ट हो चुके हैं।

शासन के नियमानुसार एक वाहनों की आयु 15 वर्ष होता है। इस तरह नलकुपों के उपयोग के आधार पर उसके आयु तय होते हैं इस आधार पर नगर पंचायत में जितने भी वाहन शासन द्वारा प्रदाय हुआ है उसमें से ज्यादातर वाहनों के आयु शासन के नियम के अनुसार बचे हुए हैं, लेकिन वो कबाड़ हो चुके हैं। निजी तौर पर इस तरह के ट्रैक्टर अथवा नलकुप का कोई उपयोग करता है तो उसे सालों साल उपयोग में लाता रहता है चूंकि उसका मेन्टेनेस करता रहता है। नगर पंचायत में मेन्टेनेंस करने के बावजुद भी इनके सारे मशीनरी कबाड़ हो रहे हैं इसके पीछे का सच क्या है? इस तथ्य के पड़ताल में पाया गया है कि मेन्टेनेंस के लिए लाए गए खर्च संबंधित वाहन या मशीन में उपयोग नहीं किया जाता जिसके फलस्वरूप वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है और उसे सालों साल वैसे ही रख दिए जाने से वह कबाड़ के भाव में भी नहीं जाता और जंग लग कर मिट्टी में मिल जाता है।

## महापौर ने किया भूमिपूजन वार्ड 38 में होगा नाली निर्माण



**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38, चमड़ा गोदाम आदर्श नगर में लगभग 13 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर संपन्न किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में विकास कार्य का शुभारंभ हुआ।

महापौर जीवर्धन चौहान ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे विशेषकर वर्षा ऋतु में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाली निर्माण पूर्ण होने के बाद इस समस्या का स्थायी समाधान होगा और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के वित्तमंत्री ओमप्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नगर में विकास कार्यों को गति मिल रही है, और इसी कड़ी में यह कार्य भी क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। सभी ने इस कार्य के लिए महापौर एवं नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के पार्षद कुंदन चौहान, एमआईसी सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, भाजपा नेत्री सुशीला चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पुसौर के कृषि विकास अधिकारी ने ली बैठक

**पुसौर।** रबी और आने वाले खरीब फसल को लेकर कृषि विकास अधिकारी रोहित पटेल ने समस्त आरएईओ के साथ बैठक किया। जानकारी के मुताबिक रबी फसल में जिन किसानों ने धान फसल लिया है उसमें हो रहे पानी की आपूर्ति से क्षेत्र में पेय जल की असुविधा साथ ही आगामी खरीफ फसल के लिए मिट्टी परीक्षण के लिए शासन के मंशा को साझा किया। ज्ञात हो कि पुसौर क्षेत्र में 29 आरईओ क्षेत्र है जहां अलग-अलग संबंधित अधिकारी है जो क्षेत्र के किसानों से मिट्टी की उर्वरता और फसल की जानकारी लेते हैं। बैठक में इन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित करें कि वे गर्मी के सीजन में धान का फसल न लेकर सब्जी उगाएंद्ध चूंकि धान में पानी की जरूरत अधिक होती है। इसी कड़ी में किसान सम्मान निधि राशि वितरण के लिए अलग अलग मुखातिब होकर उनसे जानकारी प्राप्त किया और उसे कम्पयूटर अपरेटर के जरिए संधारित कर संबंधित किसान को उसके राशि दिलवाने की कोशिश किया।



## ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी का सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर में ओपन हाउस

**चंद्रपुर।** ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी द्वारा चंद्रपुर जोन के छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर में एक दिवसीय ओपन हाउस करियर काउंसलिंग सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। यह सेमिनार पूरे चंद्रपुर जोन के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ।



सेमिनार का संचालन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आरडी पटिदार डीन डॉ. गिरीश चंद्र मिश्रा तथा वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य डॉ. कविता पटेल, डॉ. पुष्पांजलि, डॉ. स्वाति, डॉ. दीप्ति और मिस अंकिता के मार्गदर्शन में हुआ। इन सभी विशेषज्ञों ने चंद्रपुर जोन के 40 से अधिक छात्र छात्राओं व 50 शिक्षकों को स्किल फोकस्ड उच्च शिक्षा, इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से तैयार किए गए कोर्सेस, आकर्षक स्कॉलरशिप योजनाओं तथा हाईएस्ट प्लेसमेंट की विस्तृत जानकारी दी। यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी चंद्रपुर जोन की ए ग्रेड हाईएस्ट प्लेसमेंट वाली इंडसट्रियल लिंक्ड यूनिवर्सिटी है, जो छात्रों को सीधे उद्योग जगत से जोड़ती है। यहां विभिन्न प्रकार के आधुनिक और स्किल ओरिएंटेड कोर्सेस उपलब्ध हैं, जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार बेहतरीन करियर चुन सकें। डॉ. आडी पटिदार ने अपने संबोधन में कहा हमारी यूनिवर्सिटी न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत स्किल बेस्ड शिक्षा पर विशेष जोर देती है जो इंडस्ट्री की वर्तमान जरूरतों को पूरा करती है। साथ ही छात्रों को अच्छी स्कॉलरशिप और शानदार प्लेसमेंट का पूरा भरोसा दिलाता है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर के प्राचार्य जगन्नाथ नायक तथा समलाई बाल कल्याण समिति के सदस्य अध्यक्ष प्रेम किशोर पटेल, सुपचंद पटेल, सीताराम देवांगन की उपस्थिति रही। जगन्नाथ नायक ने अपने संम्बोधन में कहा की ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के इस प्रयास से न केवल छात्रों के करियर संबंधी संदेह दूर हुए बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा भी मिली।

## परशुराम जन्मोत्सव पर चंद्रपुर में निकली शोभायात्रा

**चंद्रपुर।** धर्म की नगरी चंद्रपुर में अक्षय तृतीया पर परशुराम के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा वृहद आयोजन किया गया, जिसमें चंद्रपुर परीक्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोंगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, आयोजन में पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे, पूरा आयोजन नगर के साईं धर्मशाला में संपन्न हुआ। जहां सुबह नौ बजे से पूजा और हवन किया गया और शाम 6 बजे परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली



गई। रथ में परशुरामजी के छायाचित्र के साथ, बच्चों को राम, कृष्ण और परशुराम बना रथ पर बिठाया गया, जय दादा परशुराम और जय श्री राम के घोष के साथ यात्रा संपन्न हुई, ब्राम्हण समाज ने गौ माता की रक्षा और हिंदु समाज की एकता का संदेश दिया, शोभायात्रा के बीच 6 साल की कुमारी आदया शर्मा ने शिव तांडव स्त्रोत का पाठ कर सभी को जोश से भर दिया, माँ चंद्रहासिनी व्यापारी संघ द्वारा शोभायात्रा के लिए शीतल जल और शरबत की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा के बाद आरती और फिर समाज की बैठक हुई, जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें पंकज नंदे अध्यक्ष, गोपाल पांडेय और सुनील पांडेय उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर मालवीय और अभिषेक चौबे सचिव और लोकेश मिश्रा को कोषाध्यक्ष की बनाया गया।

## सेवा सप्ताह में किया फायर डेमोस्ट्रेशन

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा प्रोजेक्ट में अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन एनटीपीसी लारा के अग्निशमन केन्द्र पर मुख्य अतिथि एचओपी एनटीपीसी लारा, सुभाष ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सहायक कमाण्डेट अग्नि देवेन्द्र नाथ सिंह के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान केऔसुब के अग्नि शाखा के बल सदस्यों द्वारा फायर डेमोस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन निरी



अग्नि नरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं केऔसुब के उप कमाण्डेन्ट महाबीर सिहं, सभी अधिकारी तथा बल सदस्य उपस्थित थे। फायर डेमोस्ट्रेशन को उपस्थित सभी लोगो द्वारा सराहा गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान एनटीपीसी लारा में पदस्थ अग्निशमन कर्मियों द्वारा एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों, स्कूल के बच्चों तथा आसपास के क्षेत्रों में जाकर अग्नि रोकथाम तथा अग्नि एवं सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया गया तथा लोगो को आग की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिसको मुख्य अतिथी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## राकेश के संकल्प से बदली बेजुबानों की तकदीर, कर रहे सेवा

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की ह्रदयस्थली और धर्मनगरी के रूप में विख्यात खरसिया आज पूरे देश में गौसेवा के एक बड़े केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना चुका है। इस सेवा यात्रा के पीछे एक ऐसे शख्स का अटूट संकल्प है, जिसने सड़क पर तड़पते गोवंश की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझा और बिना किसी सरकारी मदद या बड़ी संस्था के इंतजार के अकेले ही इस दुर्गम पथ पर निकल पड़े। खरसिया के प्रमुख गौसेवक राकेश केशवानी की गौसेवा के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं, जो न केवल बेजुबानों की सेवा का प्रतीक है, बल्कि अटूट श्रद्धा और संघर्ष से मिली विजय की एक जीती जागती मिसाल भी है।



### निरंतर जागरूकता से युवाओं की फ़ौज तैयार

सेवा की इस लौ को जलाए रखने के लिए उन्होंने खरसिया स्टेशन चौक के पास खाली पड़ी जमीन पर एक अस्थाई टेंटनुमा झोपड़ी बनाईए जहां आज चौपाटी स्थित है। राकेश केशवानी के इस निस्वार्थ कार्य को देखकर नगर के युवाओं का खून भी उबाल मारने लगा और देखते ही देखते 20 से 25 ऊर्जावान युवाओं की एक ऐसी फौज तैयार हो गई, जो दिन-रात बेजुबानों की सेवा में जुट गई।

आज से ठीक नौ साल पहले की बात है जब खरसिया की सड़कों के किनारे दुर्घटना का शिकार हुए और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त गोवंश की दुर्दशा देखकर राकेश केशवानी का मन विचलित हो उठा। उस समय स्थिति ऐसी थी कि धूप और बरसात में घायल गोवंश सड़कों पर पड़े रहते थे, घावों में कीड़े पड़ जाते थे और बेसुध अवस्था में उन्हें आवारा कुत्ते नोचते थे। राकेश केशवानी ने इस विकट समस्या को लेकर उस वक्त नगर पालिकाए पशु चिकित्सालय और विभिन्न गौशालाओं के चक्कर लगाए, मिन्नतें कीं लेकिन किसी ने भी उन बेसहारा घायलों को रखने की जिम्मेदारी नहीं ली। यहां तक कि कई गौपालक भी अपने गोवंश के घायल होने पर उन्हें मरता छोड़ कर चले जाते थे। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में राकेश केशवानी ने स्वयं मोर्चा संभाला और नगर पालिका के प्रांगण में ही घायल गोवंश की सेवा और उपचार शुरू किया। शुरुआत में नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों का साथ मिला और फिर धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया।

## कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतरः मधुलता

**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुलता पटेल ने कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को लेकर कहा कि जि कांग्रेस ने 70 साल तक महिला आरक्षण बिल को लटकाए रखा, वही कांग्रेस आज महिला आरक्षण के नाम पर भ्रम फैला रही है। मधुलता ने कहा कांग्रेस की प्रेस वार्ता में बिना महिलाओं की महिला चर्चा कांग्रेस के लिए हास्यास्पद स्थिति पैदा कर रही है।

महिला आरक्षण को लेकर इससे बड़ा ढोंग और नौटंकी क्या हो सकती है। कांग्रेस की प्रेस वार्ता में बिना महिलाओं की महिला चर्चा करना महज रस्म अदायगी है। स्थिति यह है कि कांग्रेस से जुड़ी महिलाएं भी अब कांग्रेस कार्यालय जाना नहीं चाहती। श्रीमती पटेल ने



भाजपा महिला सम्मेलन की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के जिला कार्यालय में महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर आरोप लगाने के लिए प्रेस वार्ता बुलाई गई। हैरानी की बात यह है कि पूरे प्रेस वार्ता में मंच से लेकर श्रोताओं तक कांग्रेस की एक भी महिला कार्यकर्ता उपस्थित नहीं थी जो पार्टी महिला आरक्षण पर ज्ञान दे रही है, उसकी प्रेस वार्ता में एक भी बहन बेटी को बोलने का मौका नहीं मिला।




